न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बस्सी (जयपुर)

(पीठासीन अधिकारी डॉ0 गरिमा शर्मा RAS)

प्रकरण संख्या 79/2025 पी.सी.एन.एस. संख्या – 2025/263

1. बन्टूलाल पुत्र नानगराम
2. राजेश पुत्र नानगराम

जाति अहीर (यादव) निवासी ग्राम खिजुरिया अहीरान, तहसील बस्सी जिला जयपुर।

:- प्रार्थीगण :-

बनाम

1. सरकार जरिये तहसीलदार बस्सी तहसील बस्सी जिला जयपुर।

:- अप्रार्थी :-

उपस्थित :- श्री रामचन्द्र मीणा, एड0 प्रार्थीगणगण।

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल0 आर0 एक्ट 1956

निर्णय दिनांक 23/09/2025

1. प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थीगण ने अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू–राजस्व 1956 के तहत प्रार्थना पत्र पेश कर अवगत करवाया कि प्रार्थीगण की कब्जेकाश्त की खातेदारी आराजी भूमि खाता संख्या नया 88 खसरा नम्बर 605 रकबा 0.1300 है0, खसरा नम्बर 606 रकबा 0.1200 है0, खसरा नम्बर 607 रकबा 0.1600 है0, खसरा नम्बर 608 रकबा 0.6400 है0, खसरा नम्बर 609 रकबा 0.3200 है0, खसरा नम्बर 610 रकबा 0.0100 है0, खसरा नम्बर 611 रकबा 0.1900 है0, खसरा नम्बर 612 रकबा 0.1900 है0, खसरा नम्बर 613 रकबा 0.6000 है0, खसरा नम्बर 614 रकबा 0.2200 है0, खसरा नम्बर 615 रकबा 0.2800 है0, खसरा नम्बर 616 रकबा 0.3200 है0, खसरा नम्बर 617 रकबा 0.7000 है0, खसरा नम्बर 618 रकबा 0.6200 है0, खसरा नम्बर 619 रकबा 0.6200 है0 कुल किता 15 कुल रकबा 5.1200 हैक्टेयर एवं खाता संख्या नया 89 खसरा नम्बर 722 रकबा 0.3400 है0, खसरा नम्बर 723 रकबा 0. 3500 है0 कुल किता 2 कुल रकबा 0.6900 है0 वाके ग्राम खिजुरिया अहीरान, प.ह. फाल्यावास, भू0अ0नि0 क्षेत्र फाल्यावास तहसील बस्सी जिला जयपुर की हाल जमाबन्दी में प्रार्थीगण के पिता का नाम लेखकीय त्रुटिवश बचपन में बोलता नाम नहन्या अंकित कर दिया, जबकि प्रार्थीगण के पिता का वास्तविक नाम दस्तावेजों में नानगराम है। उक्त आराजी में प्रार्थीगण के पिता का नाम नहन्या के स्थान पर नानगराम राजस्व रिकॉर्ड में दुरूस्त करवाने हेतु निवेदन किया।
2. प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को जरिये रजि0 एडी/साधारण नोटिस सूचित किया गया। अप्रार्थी तहसीलदार बस्सी द्वारा जरिये पत्रांक भू0अ0/2025/6324 दिनांक 28.08.2025 द्वारा रिपोर्ट पेश कर अवगत करवाया कि मुताबिक रिकॉर्ड ग्राम खिजुरिया अहिरान के खसरा नम्बर 605 लगायत 619 व खसरा नम्बर 722 व 723 में

उपखण्ड अधिकारी
बस्सी जिला-जयपुर

वर्तमान राजस्व रिकॉर्ड अनुसार राजेश पुत्र नहन्या हिस्सा 1/6, बन्दूलाल पुत्र नहन्या हिस्सा 1/6 जाति अहिर (यादव) दर्ज रिकॉर्ड है तथा संलग्न दस्तावेज आधार कार्ड, पहचान पत्र मे बन्दूलाल पुत्र नानगराम व राजेश पुत्र नानगराम है तथा नामान्तरण संख्या 120 दिनांक 05.03.2012 विरासत से नहन्या पुत्र प्रताप के बजाय राजेश, बन्दूलाल पुत्र नहन्या दर्ज रिकॉर्ड है, जो कि वादिगण द्वारा उक्त खसरा नम्बर मे संलग्न दस्तावेज आधार कार्ड, पहचान पत्र के आधार पर बन्दूलाल पुत्र नानगराम, राजेश पुत्र नानगराम दर्ज करवाना चाहा गया है। प्रकरण मे प्रार्थीगण अधिवक्ता की बहस सुनी गई।

3. पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजों व तहसीलदार बस्सी रिपोर्ट दिनांक 28.08.2025 का अवलोकन करने एवं प्रार्थीगण अधिवक्ता की बहस पर मनन पश्चात पाते है कि ग्राम खिजुरिया अहीरान, प.ह. फाल्यावास, भू0अ0नि0 क्षेत्र फाल्यावास तहसील बस्सी जिला जयपुर में स्थित आराजी भूमि खसरा नम्बर 605 लगायत 619 व खसरा नम्बर 722 व 723 में वर्तमान राजस्व रिकॉर्ड अनुसार राजेश पुत्र नहन्या हिस्सा 1/6, बन्दूलाल पुत्र नहन्या हिस्सा 1/6 जाति अहिर (यादव) दर्ज रिकॉर्ड है। उक्त आराजी ग्राम खिजुरिया अहीरान, प.ह. फाल्यावास, भू0अ0नि0 क्षेत्र फाल्यावास तहसील बस्सी जिला जयपुर में स्थित आराजी भूमि खसरा नम्बर 605 लगायत 619 व खसरा नम्बर 722 व 723 में प्रार्थीगण के पिता का नाम नहन्या का अंकन सहवन होने से प्रार्थीगण के पिता का नाम नहन्या के स्थान पर नानगराम दुरूस्त किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः

आदेश है कि

प्रार्थना पत्र प्रार्थीगण अन्तर्गत धारा 136 भू–राजस्व अधिनियम 1956 तहसीलदार बस्सी रिपोर्ट दिनांक 28.08.2025 के आधार पर स्वीकार किया जाता है कि ग्राम ग्राम खिजुरिया अहीरान, प.ह. फाल्यावास, भू0अ0नि0 क्षेत्र फाल्यावास तहसील बस्सी जिला जयपुर में स्थित आराजी भूमि खसरा नम्बर 605 लगायत 619 व खसरा नम्बर 722 व 723 में प्रार्थीगण के पिता का नाम नहन्या के स्थान पर नानगराम दुरूस्त किया जाने का आदेश दिया जाता है। तहसीलदार बस्सी उक्तानुसार वर्तमान राजस्व रिकॉर्ड में अमल दरामद की कार्यवाही करें। तहसीलदार बस्सी को पालना हेतु निर्णय प्रति भिजवाई जावें।

यह निर्णय आज दिनांक 23.09.2025 को लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली नम्बर से कम होकर बाद पूर्ति जमा लिख भंडार हो।

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी
सत्यमेव जयते
बस्सी, जयपुर (राज.)

(डॉ0 गरिमा शर्मा R.A.S.)
उपखण्ड अधिकारी बस्सी
जिला जयपुर